भावांतर के पंजीयन शुरू

- सोयाबीन की खरीदी के लिए पंजीयन कार्य प्रारंभ
- प्रशासन ने पंजीयन के लिए जिले में बनाए 68 केन्द्र

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 अक्टूबर. राज्य सरकार भले ही भावांतर भुगतान योजना से किसानों को उनकी सोयाबीन की उपज का सही दाम देने के दावे कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि किसान इस भावांतर भुगतान योजना से खुश नहीं हैं. किसानों का दावा है कि यह सरकार का सिर्फ छलावा है, क्योंकि 8 साल पहले तक का भुगतान सरकार ने अब तक नहीं किया है. किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का उपार्जन होना चाहिए। ताकि पंजीकृत किसानों को उनके सोयाबीन का उचित भुगतान मिल सके। इसके लिए 6 अक्टूबर को किसान भैरूंदा में आक्रोश रैली निकालेंगे. इस आक्रोश रैली में करीब 4 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल होंगे.

गौरतलब है कि शुक्रवार से भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन शुरू किए गए हैं. जिले में पंजीयन के लिए 68 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं. यहां किसान सीधे पहुंचकर भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन करवा सकते हैं. राज्य सरकार ने एक बार फिर भावांतर भुगतान योजना शुरू करने का फैसला लिया है, जिसके तहत किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक चलेगा. 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक योजना चलेगी. किसान अपनी उपज का पंजीयन सोसायटी स्तर पर बनाए गए केंद्रों, ग्राहक सेवा केंद्रों, एमपी ऑनलाइन, एमपी किसान एप और ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकेंगे. इस बार योजना में सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5300 रुपए तय किया गया है. बाजार में यदि फसल की कीमत एमएसपी से कम रही, तो सरकार किसानों को अंतर की राशि भावांतर के रूप में देगी. हालांकि, किसानों को अभी भी 2017-18 की भावांतर योजना की राशि का इंतजार है, जिससे उनकी उम्मीदों के साथ शंका भी जुड़ी हुई है.

अब भी किसानों को पुरानी राशि का इंतजार

गांव चांदबड़ के किसान बद्रीप्रसाद ने बताया कि 8 साल पहले भावांतर भुगतान योजना में सरकार को 30 क्विंटल सोयाबीन बेची थी. उसकी राशि आज तक नहीं आई. अब फिर सरकार वहीं योजना शुरू कर रही है. हम फिर से योजना में सोयाबीन बेचें और समय राशि मिल जाए, इसकी गारंटी आखिर कौन लेगा? उन्होंने बताया कि भुगतान के संबंध में उन्होंने कई बार शिकायत भी की है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब तो भुगतान मिलने की आस भी टूट गई, लेकिन फिर से भावांतर भुगतान योजना के दावे भाजपा सरकार कर रही है. ऐसे में सरकार को समर्थन मूल्य पर ही सोयाबीन की खरीदी करना चाहिए.

समर्थन मूल्य पर ही की जाए खरीदी

सोयाबीन की भावांतर भुगतान योजना बंद की जाए खरीदी पिछले साल की तरह समर्थन मूल्य पर की जाए. हम 6 अक्टूबर को भैरूंदा में आक्रोश रैली निकालेंगे. रैली में 4 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल होंगे. इसको लेकर हम ज्ञापन भी दे चुके हैं.

गजेन्द्र जाट,
प्रदेश सचिव, किसान स्वराज संगठन

आतिशबाजी लायसेंस ऑनलाइन 13 तक

विदिशा, आतिशबाजी लायसेंस के लिए फुटकर पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस देने के लिए निर्देश जारी किए गए है दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रेता 13 अक्टूबर तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आंतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन लोक सेवा सेवा केंन्द्र के माध्यम से करना होगा. शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा. इस संबंध में बताया गया कि आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और निर्धारित शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा.

प्रतिमा तोड़ने के विरोध में लगाया जाम

एनएच-44 सागर-ललितपुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें, दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग

नवभारत न्यूज

बांदरी 4 अक्टूबर. बांदरी के हाट परिसर के पास बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को तोड़े जाने के विरोध में नगर में आक्रोश फैल गया. गुस्साए लोगों ने सागर -झांसी फोरलेन व पुराने हाइवे को जाम कर दिया, इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. घंटों यातायात प्रभावित रहा, विरोध में नगर की सभी दुकानें भी शाम तक बंद रहीं.

शनिवार को जैसे ही प्रतिमा के क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी लोगों को लगी. नगर में तनाव फैल गया, विरोध में पूरा बाजार बंद रहा. प्रतिमा स्थल के पास एकत्रित हुए लोगों ने प्रतिमा को खंडित करने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी की. इसके बाद सागर -झांसी नेशनल हाइवे फोरलेन व पुराने हाइवे को जाम कर दिया, जिससे सागर-झांसी फोरलेन पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और एसडीओपी सचिन परते व टीआई सुमेर सिंह जगेत ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया पर बढ़ते तनाव को देखते हुए बांदरी थाना पुलिस के साथ खुरई और आसपास के थानों से अतिरिक्त बल बुलाया गया. चक्काजाम के दौरान भीम आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कड़ी निंदा की, इसे सामाजिक सौहार्द्र के खिलाफ बताया.

भीम आर्मी, अहिरवार महासभा, अहिरवार समाज ने प्रशासन को ज्ञापन देकर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई मांग की. ज्ञापन में प्रतिमा स्थल के आसपास सीसीटीव्ही कैमरा चालू करने, नई प्रतिमा स्थापित कराने, बाउंड्रीवॉल बनाने आदि की भी मांग की गई. टीआई श्री जगेत ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस के अनुसार आसपास के क्षेत्रों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस बल की तैनाती से स्थिति नियंत्रित रही. इस दौरान अहिरवार समाज के बंधु मौजूद रहे.

06 फड़ों पर पुलिस की दबिश

नवभारत न्यूज

गुना 4 अक्टू. का। शहर की कैंट पुलिस द्वारा जुए के अलग-अलग 6 फड़ों पर दबिश देकर कुल 42 जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत रोज केंट थानांतर्गत सिंगवासा गांव की पठार पर 7-8 लोगों के फड़ जमाकर जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर जुआरियों की धरपकड़ की गई।

केंट थाने से पुलिस की एक टीम सिंगवासा गांव पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर छिपकर देखा तो करीब 8 लोग गोल घेरा बनाकर ताश पत्तों से रूपयों से हार जीत के दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे।

पानी टंकी निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

नवभारत न्यूज पलेरा। नगर पंचायत के द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित पठेश्वरी मंदिर के पास पानी टंकी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। अनियमितताओं की शिकायत वार्डवासियों के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष से की गई है। बताया गया है की वार्ड क्रमांक एक के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए नगर परिषद की ओर से टंकी निर्माण व पाईप लाईन विस्तार की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए लाखों रुपए मंजूर हुए है। मगर पानी टंकी के निर्माण कार्य में ठेकेदार मनमानी करते हुए लापरवाही कर रहे हैं।

नगर परिषद कार्यालय के उपयंत्री का ठेकेदार पर नियंत्रण नहीं होने से काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। नागरिकों ने बताया कि उपयंत्री एवं कर्मचारी मौका स्थल का कब और किस समय निरीक्षण करके चले जाते हैं, इस बात की भनक आसपास के लोगों को नहीं लग पाती है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए नगर परिषद कर्मचारियों को मौका स्थल की जांच किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की बात को ध्यान में रखते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों को लेकर गुणवत्ता में इसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। पलेरा। नगर पंचायत के द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित पठेश्वरी मंदिर के पास पानी टंकी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। अनियमितताओं की शिकायत वार्डवासियों के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष से की गई है।

बकाया राशि को लेकर कल से पेयजल सप्लाई नहीं होगी

सागर. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी वसूली की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने मकरोनिया नगरपालिका पर माह सितंबर 2025 तक जलकर राशि रू. 12 करोड़ 13 लाख 18 हजार 726 रुपए बकाया होने के कारण अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. जलप्रदाय शाखा द्वारा जारी किए गए नोटिस में लेख किया गया है कि 6 अक्टूबर तक बकाया जलकर राशि का भुगतान अनिवार्य रूप से नगर निगम को किया जावे अन्यथा की दशा में 7 अक्टूबर से जलप्रदाय बंद कर दिया जावेगा. उन्होने बताया गया कि पेयजल की सप्लाई में प्रति माह लगभग राशि रू. 1.5 करोड़ का व्यय करना पड़ रहा है.

राशन की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/04,अक्टूबर,2025/ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की सुविधा, राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम आपका राशन-आपका अधिकार प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 5.28 करोड़ पात्र हितग्राहियों को उनकी राशन सामग्री की मासिक हकदारी के प्रति जागरूक करना है। अन्त्योदय परिवार को 35 किलो प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवार को 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न नि:शुल्क के साथ 1 किलोग्राम नमक 1 रूपये प्रति किलो की दर से और अन्त्योदय परिवारों को 1 किलोग्राम शक्कर 20 रूपये प्रति किलो की दर से वितरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम का क्रियान्वयन - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित 130 लाख परिवारों के एक सदस्य का मोबाईल नंबर डाटाबेस में दर्ज है।

विद्यार्थियों ने रंगोली, चित्रकला में दिखाया अपना हुनर

नवभारत न्यूज

सिरोंज, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में लिया भाग.

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम निशा नामदेव, द्वितीय शीतल नगीना एवं तृतीय जैस्मिन मंसूरी रही. रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति अहिरवार, द्वितीय ऋषिका बघेल एवं तृतीय उषा धाकड़ रही. कार्यक्रम के संयोजक चमका गेहलोद, समृथ निनामा, पूजा मिश्रा, शाहाना खान, विभा श्रीवास्तव, रूबी ताम्रकार, निधि मसीह, अभिषेक चौहान, वसीम उल्ला खान, उरूज अहमद, बीएल टांडेकर, मीनाक्षी शर्मा, क्रांति चौधरी सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया.

एक नजर में

नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र

खुरई. महिला एवं बाल विकास विभाग की खुरई विकासखंड की परियोजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर नवनियुक्त 10 सहायिकाओं व एक कार्यकर्ता के नियुक्ति पत्रों का वितरण पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया. परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा रघुवंशी ने बताया कि पोर्टल पर जारी अंतिम सूची में आपत्ति विहीन केंद्रों की 11 नियुक्तियों की सूची जारी कर दी गई है. इसमें से आज उपस्थित जमुनिया धीरज केंद्र में नवनियुक्त अंजू गौंड़ सहायिका,कनेरा गौड़ अंगूरी गौंड़ सहायिका, पड़रई पार्वती कुशवाह सहायिका, रूसल्ला दीक्षा कुर्मी सहायिका, बारधा 23 से शिवानी अहिरवार सहायिका,मढ़ना सुल्तान अंजलि अहिरवार सहायिका, भुगावली चांदनी चढ़ार सहायिका तथा जामुनखेड़ी वंदना दांगी सहायिका को पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह के हाथों से नियुक्ति पत्र मिले.

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में दे रहे जानकारी

सीहोर. प्रदेश को पशुपालन से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में लाने के उद्देश्य से दुग्ध सम्रद्धि संपर्क अभियान 9 अक्टूबर चलाया जा रहा है. इसके तहत भैंस वंशीय पशु पशुपालकों के घर-घर जाकर पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी व मैत्री द्वारा घर-घर जाकर संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जान रहे हैं. उन्हें उन्नत पशुपालन पशु पोषण नस्ल सुधार सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक पशुओं को बीमारी से बचाव व टीकाकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है.

शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन निकाला

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 04 अक्टूबर, सं. आरएसएस द्वारा शताब्दी वर्ष में पथ संचलन निकाला जिसमें 500 से भी अधिक स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए संचलन में सहभागिता की. संचालन में वक्ता प्रमोद पंवार प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख ने कहा कि विजयदशमीं शक्ति की आराधना का पर्व है. समाज शक्ति की पूजा करता है. हमारा समाज और राष्ट्र सदियों से गौरवशाली रहा है. लेकिन सदुण विकृति के कारण हमारा समाज आत्मविस्मृत हो गया था.

जिले में खाद के लिए अन्नदाता की मशक्कत जारी

खाद का टोकन न मिलने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम, समझाइश पर हटे

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में खाद के लिए अन्नदाताओ की मशक्कत जारी है, जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रहीं है। जहां एक दिन पहले खाद के लिए लाइन में लगे दो किसान आपस में भिड़ गए, तो वहीं शनिवार को टोकन न मिलने से किसानों ने चक्काजाम कर दिया, जिसकी बजह से काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

चक्काजाम की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाइस दी, जिसके बाद किसान ने चक्काजाम खोला।

दरअसल शनिवार सुबह ही पुरानी मंडी स्थित खाद गोदाम पर खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए थे। जहां टोकन प्रणाली के तहत खाद वितरण किया जा रहा था, लेकिन टोकन कम मिलने से किसानों में नाराज हो गए और उग्र होकर वायपास रोड पर स्थित अधिराज होटल के सामने चक्का जाम कर दिया। जहां चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार भारतेंदु यादव, नायब तहसीलदार शंभू मीना और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

जहां अधिकारियों ने किसानों से बातचीत की और उन्हें समझाइस देते हुए बताया कि सोमवार को भी टोकन वितरित किए जायेगे, जिसके बाद किसान चक्काजाम से उठे।

पोषण दिवस पर 557 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर. स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. जिले में शुक्रवार को शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 400 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 157 बच्चों का टीकाकरण किया गया. 70 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.

अजमीढ़ देव जयंती समारोह 7 को

बैतूल। स्वर्णकार समाज के आराध्य महाराज श्री 1008 अजमीढ़ देव जी की जयंती आगामी 7 अक्टूबर को धूम-धाम से मनाई जाएगी। पिछले दिनों समाज की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान समाज के वृद्धजनों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के पूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया जाएगा। आर्दश स्वर्णकार समाज सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सोनी ने बताया कि अजमीढ़ देव जयंती 7 अक्टूबर को 10.30 बजे केसर बाग, सिविल लाईन से विशाल शोभायात्रा और वाहन रैली निकाली जाएगी। शोभायात्रा बाबू चौक, गंज प्रायमरी स्कूल, दिलबाहर चौक, टांगा स्टैंड, गुप्ता मॉल, शिवाजी चौक, मुल्ला पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, मुर्गी चौक, कॉलेज चौक से होते वापस केसर बाग पहुंचेगी।

विभाग ने जप्त किया 40 किग्रा. संदिग्ध पनीर

गुना। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग गुना की टीम द्वारा जगत रेजिडेंसी के पास एबी रोड गुना पर एक थर्माकोल बॉक्स एवं पॉलीथिन में पैक 40 किलोग्राम पनीर संदिग्ध लावारिस अवस्था में पाया गया। टीम द्वारा निरीक्षण करने पर बॉक्स में खाद्य पदार्थ पनीर का होना पाया गया। टीम द्वारा आसपास लोगों से पूछताछ करने पर किसी भी व्यक्ति ने उस पनीर के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। टीम द्वारा काफी देर इंतजार करने के बाद जब कोई पनीर का दावेदार मौके पर नहीं आया, तब खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त पनीर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिये कार्यालय ले जाया गया। यदि इस पनीर का कोई मालिक/ दावेदार हो तो वह दो दिवस में आकर कार्यवाही के लिए उपस्थित हो सकता है।

जांच | खेडीकोर्ट हायर सेकेडंरी स्कूल भवन के 20 में से 15 कमरे क्षतिग्रस्त

5 कमरों में लग रहा है स्कूल, एक कमरे में लगती हैं 2-2 कक्षाएं

मुलताई। ब्लाक अंतर्गत ग्राम खेडीकोर्ट में स्थित हायर सेकेडंरी स्कूल भवन के हाल बेहाल है।स्कूल भवन में कुल 20 कमरे है। जिसमें से 15 कमरें क्षतिग्रस्त है।

भवन क्षतिग्रस्त होने से 1 कक्ष में 2-2 कक्षाए लगानी पड रही है। जिसके कारण विद्यार्थियों को पढाई में परेशानी होती है। यही कारण है कि बच्चे इस स्कूल में प्रवेश नही लेना चाहते है । जो कि गांव से अन्यत्र दुसरे स्कूल में प्रवेश लेते है। जिससे स्कूल में लगातार दर्ज संख्या कम हो रही है। वर्तमान में स्कूल में गणित,विज्ञान, कला,एग्रीकल्चर विषय में कक्षा 9 वी से 12 वी तक के विद्यार्थी अध्यनरत है। जिसके

चलते कक्षा 9वी एवं 10 की 1-1 तथा 11 वी एवं 12 वी की 4-4 कक्षाए लगती है। जिसके लिए 10 कक्षो की आवश्यकता स्कूल प्रशासन को है। लेकिन सिर्फ 5 कक्ष ही ठीक होने से 1-1 कक्ष मे एक साथ 2-2 कक्षाए लगाना पड रहा है। इसके अलावा स्कूल में प्रेक्टीकल लेब, पुस्तकालय, शौचालय, स्टाफ रूम की कमरों की कमी के चलते उपलब्धता सुनिश्चित नही हो पाती है। इस संबध में स्कूल प्रशासन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। लेकिन फिर भी स्कूल भवन स्वीकृति नही मिल पा रही है। जबकि स्कूल भवन निर्माण के लिए 5 हजार वर्गफुट भुमि स्कूल के पास उपलब्ध है। पुराने स्कूल भवन का कंडम घोषित करवाकर स्कूल भवन तोडकर नए स्कूल भवन का निर्माण कराया जा सकता है। लेकिन स्वीकृति के अभाव में नए स्कूल भवन का निर्माण नही हो पाने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है । खेडीकोर्ट हायर सेकेडंरी स्कूल में 4 विषयों की कक्षाए संचालित होती है। जिसमें गणित, विज्ञान, कला, एवं एग्रीकल्चर के विद्यार्थी अध्ययन करते है। वर्तमान में स्कूल में कक्षा 9 वीं से 12 तक की 10 कक्षाए संचालित होती है।

भवन 40 साल पुराना होने से हो चुका है क्षतिग्रस्त

ग्राम खेडीकोर्ट हायर सेकेडंरी स्कूल का भवन 40 साल पुराना है। बताया जाता है वर्ष 1984 में स्कूल भवन का निर्माण किया गया था । जिसके चलते स्कूल भवन के 20 मे से 15 कमरे ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुके है। जहां पर कक्षाए लगाना खतरे से खाली नही है। इस कारण स्कूल प्रशासन द्वारा 15 क्षतिग्रस्त कमरों को बंद कर रखा गया है। स्कूल में सिर्फ 5 कमरें ही थोडी ठीक में होने से यहां कक्षाए लगाई जा रही है । भवन क्षतिग्रस्त होने से मजबुरी वश एक कमरे में 2-2 कक्षाओं का संचालन करना पड रहा है । स्कूल प्राचार्य द्वारा क्षतिग्रस्त भवन की जानकारी बीईओं एवं बीआरसी को देकर नए स्कूल भवन स्वीकृति के लिए पत्र लिखा जा चुका है।